

# कलश यात्रा ने बांधा समां, कथा से पूर्व श्रद्धा का उमड़ा सागर

**2,100 महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल**

**2500 शंखनाद का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी, गिनीज बुक में दर्ज होगा शिवपुरी का नाम**

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 23 नवम्बर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश एवं भागवताचार्य पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की शिवपुरी में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व रविवार को माँ राजराजेश्वरी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा ने शहर में आध्यात्मिक उत्साह का अभूतपूर्व माहौल बना दिया। लगभग दो घंटे चली इस यात्रा में 20 हजार से अधिक महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए भक्ति का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया।

2,100 महिलाएं सिर पर कलश, पीली साड़ियों में सुसज्जित होकर भजन-कीर्तन करते हुए जब सड़क पर उतरीं, तो पूरा मार्ग श्रद्धामय हो उठा। यात्रा की अगुवाई परिक्षित रामप्रकाश गुप्ता एवं उनके सुपुत्र कपिल गुप्ता ने पंचांग एवं श्रीमद्भागवत सिर पर धारण कर की। उनके पीछे ध्वजवाहकों के घोड़े, डीजे, ढोल-बाजे और युवाओं की टोली भक्तिरस में मग्न नजर आई। स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा व तिलक कर यात्रियों का स्वागत किया गया। वृंदावन के महामंडलेश्वर नील मणिदास महाराज सहित अनेक संत गण रथों पर सवार होकर साथ चल रहे थे, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। सुबह 9:45 बजे शंखनाद एवं पंचांग पूजन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई।

**आयोजन स्थल पर चाक-चौबंद सुरक्षा:** कथा एवं पार्किंग परिसर में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, मेटल डिटेक्टर, कंट्रोल रूम निर्मित किया गया। 23 से 30 नवंबर तक 1000 से अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे।





### महिलाओं का उमड़ा सैलाब, समुदायों ने की सेवा व्यवस्था

सुबह से ही महिलाओं का तांता राजेश्वरी मंदिर पर लगा रहा। कुछ ही समय में 2100 कलश वितरित हो गए, जबकि अनेकों महिलाएं स्वयं द्वारा लाए कलश लेकर शामिल हुईं। भीड़ बढ़ने पर तात्या टोपे पार्क में कतारबद्ध व्यवस्था के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह खाद्य व जल सेवा की व्यवस्था की गई।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, शहर के रास्ते रहे बंद

यात्रा को देखते हुए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। माधव चौक से झांसी चौराहा तक मार्ग बैरिकेड्स से बंद किया गया। कई रास्तों के बंद होने से आवागमन में नागरिकों को कठिनाई भी हुई।

**भागवत कथा के शुभारंभ के पूर्व बनेगा विश्व रिकॉर्ड:** कल 24 नवंबर को दोपहर 1 बजे पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के पावन मुखारविंद से कथा वाचन प्रारंभ होगा। कथा स्थल पर एक साथ 2,500 शंखनाद कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। अभी तक 2100 शंखों का रिकॉर्ड गिनीज बुक में दर्ज है।

## चौहान को मिली करैरा की जिम्मेदारी कार्यक्रमों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 23 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी जिला शिवपुरी द्वारा एस.आई.आर. (सघन पुनरीक्षण) कार्यों को गति प्रदान करने हेतु विधानसभा-वार प्रभारी पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। संगठन ने आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव द्वारा जारी सूची में करैरा विधानसभा के लिए भाजपा जिलामंत्री मुकेश सिंह चौहान को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस दायित्व के साथ उन्हें विधानसभा क्षेत्र में एस.आई.आर. से संबंधित सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालन एवं पार्टी के निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति को पार्टी द्वारा संगठनात्मक विश्वास एवं क्षेत्रीय सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

जिम्मेदारी मिलने पर श्री चौहान ने कहा पार्टी संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं जिला नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ करैरा विधानसभा में एस.आई.आर. कार्यों को समय पर एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। संगठन ने जो भरोसा मुझ पर रखा है, उसे सही साबित करने का पूरा प्रयास करूंगा।

### संभागीय प्रभारी का प्रथम आगमन कल

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे का अपनी नियुक्ति के बाद प्रथम बार गुना आगमन कल सोमवार को होगा। वे प्रातः 11 बजे सडक मार्ग द्वारा गुना पहुँचेंगे जहाँ वे विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। उनके आगमन की तैयारियाँ को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में स्थानीय सांसद जनसंपर्क कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे नागरिक गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक लेंगे साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक करेंगे।

## पोलो ग्राउंड में कायाकल्प की दिशा में प्रशासन सक्रिय



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 23 नवम्बर।** शिवपुरी के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड के कायाकल्प कार्य को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीर पहल शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार रविवार को कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के दल के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में ग्वालियर से आए स्पोर्ट्स ऑफिसर संजय आहूजा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के.के. खरे, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर वेमटे, संजय सांखला, छोटे खान, गिरीश मिश्रा 'मामा' एवं राकेश शर्मा (पी.टी.आई. क्रमांक-1) सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं युवा शामिल हुए।

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान संजय आहूजा ने बताया कि पोलो ग्राउंड में विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, जिसका कायदे से विकास कर खेलों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सिंधिया 29 को शिवपुरी में

**शिवपुरी।** भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 29 नवम्बर को शिवपुरी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री सिंधिया 29 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे नर्सरी गार्डन, हवाई पट्टी के पास स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 4.15 बजे पोहरी रोड स्थित आस्था गार्डन में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4.45 बजे महाराणा प्रताप कॉलोनी मे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ब्राह्मण समाज ने वर्ग भेद को दूर करने का लिया संकल्प




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 23 नवम्बर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन जिला शिवपुरी की बैठक में यह चर्चा हुई की कैसे सभी ब्राह्मण संगठनों को एक छतरी के नीचे लाकर संगठित करने की पुरज़ोर कोशिश की जाए। तथा ब्राह्मण समाज में फैले वर्ग भेद को दूर करने का लिया संकल्प।वक्क्तों ने कहा कि हम सब ब्राह्मण है इसमें न कोई छोटा और न बड़ा। रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन की बैठक शिवपुरी महानगर के वार्ड 01 में नमस्कार चंद्र मोहन दीक्षित इकलोद वाले के निज निवास पर आहुति की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशाल ब्राह्मण समाज को संगठित कर उनके उत्थान के लिए कार्य करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम कांत शर्मा ने कहा कि आज जरूरत है ब्राह्मण समाज को अपनी शक्ति पहचानने की और उसका सदुपयोग कर जरूर मंद ब्राह्मणों को यथा संभव सहयोग कर उनका उत्थान किया जाए। इसके साथ ही यह भी चर्चा हुई थी कैसे सभी ब्राह्मण संगठनों को एक छतरी के नीचे लाकर संगठित करने की पुरज़ोर कोशिश की जाए। तथा ब्राह्मण समाज के उप वर्ग भेद को दूर किया जाए। बैठक का प्रारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ, इसके बाद गायत्री मंत्र का जाप किया। पंडित कैलाश नारायण भार्गव ने अपने उद्बोधन मेंकहा कि ब्राह्मणों को अपनी पहचान के प्रतीकों जैसे चोटी, तिलक ,यज्ञोपवीत को जरूर धारण करें। ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की जरूरत बताई कहां कि बेटा या बेटियां दोनों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें।जिससे वह अपने जीवन में सफल हो सकें और समाज के निर्धन छात्रों की शिक्षा के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। बैठक में समाज के संरक्षक पंडित कुंज बिहारी पाराशर ,उपाध्यक्ष पंडित हरगोविंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा संगठन मंत्री कैलाश नारायण मुद्गल जिला महामंत्री बालकृष्ण शर्मा, गजानन शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग सम्मिलित थे, कार्यक्रम का संचालन पंडित प्रभु दयाल चतुर्वेदी, ने किया एवं अंत में पंडित एन पी अवस्थी आभार ने व्यक्त किया।

## ओबीसी महासभा 26 नवंबर को करेगी धरना, किया जनसंपर्क

**गुना।** ओबीसी महासभा द्वारा आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर नगरपालिका के सामने हाट रोड पर धरना देकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए महासभा लगातार जगह-जगह जनसंपर्क कर रही है और समाज के विभिन्न वर्गों को आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। महासभा ने कहा कि महासभा का कहना है कि मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण लंबे समय से विवाद और रोक का विषय बना हुआ है, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसी कारण ज्ञापन में प्रमुख रूप से ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत लागू करने, वर्तमान में रोके गए 13 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल बहाल करने और जिन अभ्यर्थियों ने अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उन्हें तुरंत नियुक्तियां देने की मांग रखी जाएगी। इसके अलावा ज्ञापन में पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए प्रत्येक जिले में संख्या के आधार पर छात्रावास निर्माण, छात्रवृत्ति वितरण में सुधार, केंद्र सरकार द्वारा वंचित वर्गों के लिए बजट निर्धारण, शासन की निर्णायक समितियों में पिछड़े वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने, पदोन्नति में आरक्षण लागू करने तथा पंचायत, नगरीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा में संख्या के अनुपात में आरक्षण देने जैसी मांगें शामिल की गई हैं। महासभा ने जातिगत जनगणना जल्द कराने की भी मांग उठाई है, ताकि वास्तविक जनसंख्या के आधार पर नीतियां तैयार की जा सकें। 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे हाट रोड, नगरपालिका के पास आयोजित किया जाएगा।

### अपनी जान की करो रक्षा, हेलमेट है सबसे अच्छी सुरक्षा

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसाइटी गुना द्वारा दुर्घटना से जीवन बचाव के लिये हेलमेट के उपयोग को बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग स्वेच्छा से ही हेलमेट का उपयोग करें। प्रथम चरण में दिनांक 25 नवंबर के दिन प्रातः 10 से 1 बजे तक एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। इसके उपरांत हेलमेट के उपयोग के फायदे के संबंध में विचार गोष्ठी की जाएगी।

## जमीनी विवाद के हमले में पिता-पुत्र ने पीटा,तीन एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज

**नरवर, 23 नवम्बर।** थाना क्षेत्र के कठेंगरा गांव में रविवार को पुराने जमीनी विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। रिश्तेदारी में जुड़े दो पक्षों के बीच तनाव इतना बढ़ा कि रायसिंह कुशवाह और उसका बेटा निलेश कुशवाह पहले दो भाइयों के घर पहुंचे और वहां मारपीट की। इसके बाद दोनों ने उनके 65 वर्षीय बुजुर्ग पिता संतोष कुशवाह को भी अलग स्थानपर पीटा

**पहला हमला गोकुल कुशवाह के घर पर :** गोकुल कुशवाह ने बताया कि सुबह रायसिंह, उसका बेटा निलेश, रायसिंह की पत्नी कलावती और बंटी कुशवाह एकजुट होकर उसके घर आए और अचानक लाठियों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी नहीं छोड़ा। धमकाते हुए आरोपी वहां से भाग गए। गोकुल और उसकी पत्नी जब इलाज व रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नरवर जा रहे थे, तभी उनके बुजुर्ग पिता पर भी हमला कर दिया गया।

**दूसरे भाई के घर भी पहुंचकर की मारपीट :** गोकुल के भाई रामसेवक कुशवाह ने बताया कि वह अपने खेत पर बने घर पर था, तभी रायसिंह, निलेश और बंटी वहां पहुंचे और उसके साथ भी मारपीट कर दी। रामसेवक के अनुसार आरोपियों से कोर्ट में गवाही को लेकर पहले भी विवाद चला आ रहा है।

**तीसरा हमला बुजुर्ग संतोष कुशवाह पर :** जब गोकुल दंपती नरवर जा रहे थे, उसी दौरान रायसिंह और निलेश ने रास्ते में 65 वर्षीय संतोष कुशवाह को लाठियों से पीट दिया। **तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज :** मारपीट की तीनों घटनाओं के बाद नरवर थाना पुलिस ने गोकुल कुशवाह, संतोष कुशवाह और रामसेवक कुशवाह की शिकायत पर रायसिंह कुशवाह, उसके बेटे निलेश कुशवाह और रायसिंह की पत्नी के खिलाफ तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं।

### जामनेर थाना पुलिस ने दो गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल खोज निकाला

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चल रहे विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुना पुलिस लगातार नाबालिग बच्चों की खोज में सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपहरण व गुमशुदगी के मामलों में सतर्कता और तेजी से कार्रवाई करते हुए प्रत्येक नाबालिग की सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित की जाए।

## विहिप-बजरंगदल की नगर बैठक , घर-घर संपर्क अभियान व सत्संग विस्तार पर जोर

नवभारत न्यूज

**गुना, 23 नवम्बर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की नगर बैठक रविवार को विघ्नहरण बालाजी मंदिर, दुबे कॉलोनी में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवान राम के पूजन से की गई। बैठक का संचालन नगर संयोजक अर्जुन राठौर ने किया। प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक खंड स्तर पर सत्संग प्रारंभ करने की योजना को अब तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने घर-घर संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया और निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र, बस्ती और मोहल्लों में तुरंत संपर्क कार्य शुरू करें।

बैठक में जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नितिन सिंह जाट, जिला सह मंत्री राम प्रसाद शर्मा, जिला संयोजक बृजेश प्रजापति एवं सह संयोजक गौरव कुशवाहा ने संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए।

### रामजानकी विवाह महोत्सव कल

**सागर.** अगहन की पंचमी को भगवान श्री राम जानकी विवाह महोत्सव 25 दिसंबर मंगलवार को मनाया जा रहा है. भगवान श्रीराम जी की बारात में घोड़ा, बैंड बाजे, डमरू दल, भक्त मंडली एवं भक्तों के साथ श्री मारुति भवन चमेली चौक से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई श्री देव नागेश्वर मंदिर पहुंचेगी.

## कॉम्बिंग गश्त अभियान, गुना पुलिस ने एक रात में पकड़े 31 फरार वारंटी

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाया जा रहा कॉम्बिंग गश्त अभियान लगातार प्रभाव दिखा रहा है। अपराधियों पर नकेल कसने और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। अभियान के लिए पहले सभी थाना प्रभारियों और अनुविभागीय अधिकारियों ने अपनी-अपनी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर निर्धारित क्षेत्रों में रवाना किया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, जिला बदर बदमाशों, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी, इनामी आरोपियों और विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे व्यक्तियों की सघन तलाश की। अभियान का परिणाम पुलिस के लिए अत्यंत सफल रहा।

एक ही रात में पुलिस ने 31 वारंटियों को पकडने में सफलता हासिल की, जिनमें 9 स्थाई और 22 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। अलग-अलग थानों की उपलब्धियों में कैंट थाना क्षेत्र से 2 स्थाई और 3 गिरफ्तारी वारंटी, बजरंगगढ़ से 2 गिरफ्तारी, म्याना से 4 गिरफ्तारी, बमौरी से 4 गिरफ्तारी, राघौगढ़ से 5 गिरफ्तारी, आरोन से 1 स्थाई और 3 गिरफ्तारी, चांचौड़ा से 3 स्थाई, कुम्भराज से 1 स्थाई, मृगवास से 1 स्थाई और 1 गिरफ्तारी तथा जामनेर थाना क्षेत्र से 1 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान सभी थाना क्षेत्रों की गश्त टीमों ने जिला बदर बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों और अन्य संदिग्ध आपराधिक तत्वों की गहन चेकिंग भी की।

### गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा बजरंगगढ़-मावन पहुंची, बड़ी संख्या में शामिल हुए परिजन

**गुना।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा रविवार को बजरंगगढ़ मावन पहुंची। रथ के आगमन पर स्थानीय परिजनों ने कलश देवता की पूजा-अर्चना की और गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। वातावरण मंत्रोच्चार और वैदिक विधि-विधानों से भक्तिमय हो उठा। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक सुनील सेन ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से निकाली गई यह विशेष रथ यात्रा देशभर के प्रमुख स्थानों पर पहुंच रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह है कि गायत्री परिवार के ज्योति कलश और माता भगवती के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 21 से 23 जनवरी 2026 तक शांतिकुंज में होने वाले भव्य कार्यक्रम के संदेश को घर-घर पहुंचाया जाए।

**श्रद्धालुओं ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे भगवान की आरती की**

## दूसरे दिन लौटे विमान जी, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**गुना। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाले जा रहे दो दिवसीय वार्षिक विमानोत्सव के दूसरे दिन विमानजी की वापिसी उत्साह और उमंग के साथ हुई। इस मौके पर प्रातः 9 बजे बीजी रोड स्थित नसियांजी से श्रीजी को रजत रथ में विराजमान कर विमान नगर भ्रमण पर निकला गया।**

श्रीजी के विमानजी बीजी रोड, जयस्तंभ चौराहा, लक्ष्मीगंज, बैजू चौराहा, बोहरा मस्जिद चौराहा, नईसडक, पंडाजी चौराहा से होते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। यहां पर निर्यापक संत मुनिश्री योग सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। इस मौके पर रथ में विराजमान श्रीजी की आरती नगरवासियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे की। वहीं विमान के सबसे आगे धर्म ध्वजा लेकर चल रहे युवा, पीछे बैंड और उसके पीछे एक दर्जन से अधिक झांकियां चल रही थी। जिसके बाद फिर बैंड और उसके पीछे रजत रथ में श्रीजी विराजमान होकर चल रहे थे।

विमान के दूसरे दिन समाज बड़ा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह विमान जी का भव्य स्वागत हुआ। वहीं जैन श्रद्धालुओं ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे भगवान की आरती की। नईसडक पर विमानजी के आते ही उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस मौके युवाओं द्वारा जमकर नृत्य किया गया। इसके पूर्व रात्रि में नसियांजी में शरद पूर्णिमा के दो चांद नृत्य नाटिका का मंचन किया। जिसे देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। पाठशाला परिवार द्वारा आयोजित इस नाटिका में प्राचीन गुरुकुल परंपरा में गुरु के प्रति शिष्य का समर्पण, इस सदी के सबसे बड़े आचार्य राष्ट्रसंत विद्यासागरजी महाराज द्वारा राष्ट्र और समाज के लिए दिए गए विभिन्न प्रकल्प जैसे हथकरघा, पूर्णायु, बालिकाओं के लिए प्रतिभास्थली आदि का मंचन किया गया।

अंत में आचार्यश्री की 17 फरवरी 24 को हुई उत्कृष्ट समाधि और उसके बाद पनपे शून्य को पूरा करने आचार्यश्री समय सागरजी महाराज का आचार्य पदारोहण का मंचन किया गया। विमानोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शामिल हुए। इस अवसर पर अशोकनगर, विदिशा, राघौगढ़, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, रूठियाई, म्याना, चंदेरी, शिवपुरी से बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

### अंडरपास की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान शुरू

**गुना।** बांसखेड़ी अंडरपास में लंबे समय से जमा रहने वाले पानी की समस्या अब समाप्त होने की दिशा में बढ़ गई है। बिना बारिश के भी अंडरपास में भरे रहने वाले पानी से राहगीरों, छात्रों, बुजुर्गों और दिव्यांगजन रोजाना परेशान होते थे। यह अंडरपास गुना शहर को सैकड़ों गांवों और कॉलोनियों से जोडने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन पानी भराव के कारण लोग मजबूरी में ऊपर से गुजर रही कोटा-बीना और बीना-इंदौर डबल रेल लाइन पार करते थे, जहां लगातार रेल यातायात चलता है और हादसे का खतरा बना रहता था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए यात्री सेवा संगठन के प्रतिनिधि सुनील आचार्य ने समस्या का निरीक्षण किया और रहवासियों से उनकी व्यथा जानी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन किसी भी स्तर पर स्थायी समाधान नहीं निकला। इसके बाद आचार्य ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और संबंधित विभागों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया और लगातार संपर्क में रहकर अंडरपास की समस्या को प्राथमिकता देने की मांग की। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप रेल प्रशासन ने अब अंडरपास में पानी आने के स्रोत की पहचान कर उसे बंद करने का कार्य शुरू कर दिया है। काम की शुरुआत होते ही राहगीरों और क्षेत्रवासियों में राहत की भावना है।

लोगों का कहना है कि अब उन्हें रोजाना जोखिम उठाकर रेल लाइन पार नहीं करनी पड़ेगी ।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, आरोपों से बढ़ा विवाद

**गुना।** जिले के मकसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के चंदपूरा गांव में जहरीला पदार्थ खाने से 32 वर्षीय महिला अनीता बाई अहिरवार की मौत हो गई। महिला मूलतः भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र के गांव सिंदोड़ा की निवासी थी। घटना शनिवार शाम उपचार के दौरान हुई। रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा गया। जिसके बाद पति और मायके पक्ष के अलग-अलग दावे सामने आने से मामला संदिग्ध हो गया है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। पति राजू अहिरवार का कहना है कि उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार रहती थी और पहले पेट का ऑपरेशन होने के बाद उसका पेट लगातार फूला रहता था, जिससे वह मानसिक तनाव में रहती थी। राजू ने बताया कि घटना वाली सुबह उन्होंने पत्नी से कहा कि खाना बना दे, क्योंकि उसे काम पर निकलना था। दोपहर में उनकी बेटी का फोन आया कि मां ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इसके बाद वह तुरंत घर पहुंचा और पत्नी को मधुसूदनगढ़ अस्पताल लेकर गया, जहां से उसे गुना रेफर कर दिया गया। राजू का कहना है कि इलाज के बाद कुछ सुधार भी हुआ था, लेकिन शाम करीब 6 बजे उसकी मौत हो गई। राजू ने साफ कहा कि वह अपनी पत्नी को जहर क्यों देगा, जबकि उसके परिवार ने पहले ही अपनी शादी को लेकर कई बार विवाद आवेदन दिए हैं। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता पर्वत सिंह अहिरवार ने कहा कि दामाद आए दिन शराब के नशे में बेटी से मारपीट करता था और पहले भी कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें अपनी बेटी का शव तक नहीं दिखाया गया है और उन्हें संदेह है कि या तो जहर जबरन खिलाया गया या मारपीट के कारण उसकी मौत हुई है। उन्होंने पंचायत में हुए समझौते और पुराने शिकायत पत्र भी होने की बात कही। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं।

### एसआईआर का 65 प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य पूर्ण

**गुना।** विधानसभा 30-चांचौड़ा में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत 65 फीसदी पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विधानसभा 30 चांचौड़ा औसतन सभी जिले की अन्य विधानसभाओं में तीव्र गति से काम करते हुए प्रथम पायदान पर है। उल्लेखनीय है, चांचौड़ा अंतर्गत 11 बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिन्हें स्थानीय स्तर ईआरओ, एईआरओ द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है, जिसमें 06 महिला आंगनबाड़ी बीएलओ सम्मिलित हैं। विधानसभा 30 चांचौड़ा अंतर्गत सभी बीएलओ सुपरवाइजर, ईआरओ, एईआरओ सतत भ्रमण एवं मॉनिटरिंग कर कार्य में प्रगति ला रहे हैं।